REIL प्रगति Insights

एमडी डेस्क वॉल्यूम 19 अंक 2 जुलाई–सितम्बर 2023



वित्त वर्ष 2023–24 की दूसरी तिमाही में व्यावसायिक गतिविधियों के अलावा, तिमाही के दौरान कंपनी में स्वच्छता पखवाड़ा, आजादी का अमृत महोत्सव, जैसे बहुत महत्वपूर्ण सरकारी कार्यक्रम अत्यंत उत्साह और कर्मचारियों द्वारा बड़ी भागीदारी के साथ मनाए गए।

हिंदी राजभाषा में भागीदारी और रुचि बढ़ाने के लिए, हिंदी पखवाड़ा मनाया गया और सरकारी दिशानिर्देशों के अनुरूप पुस्तकालय को भी उन्नत किया गया।

डेयरी, नवीकरणीय ऊर्जा और नई परियोजनाओं में बहुत महत्वपूर्ण परियोजनाओं को क्रियान्वित किया गया, जिसमें गुयाना से निर्यात ऑर्डर को लगभग पूरा करना, कॉलेज में सोलर स्थापित करना और नए ऑर्डर्स प्राप्त करना एवं स्मार्ट क्लासरूम की एक साइट का उद्घाटन होना शामिल है, जिसे हाल ही में आरईआईएल द्वारा पूरा किया गया था। इस तरह की परियोजनाएं शिक्षा को अगले स्तर पर ले जाने में मदद कर रही हैं।

ग्राहकों, विक्रेताओं, कर्मचारियों और शेयरधारकों सहित हमारे सभी हितधारकों को मेरा हार्दिक धन्यवाद, जिन्होंने हमेशा अपना निरंतर समर्थन प्रदान किया है। हम इस वर्ष के लिए बेहतर करने और लक्ष्य हासिल करने के लिए तैयार हैं।

**गतिविधियों का सार**

- आज़ादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम
- व्यापर प्रमुखताएं
- सहभागिता
- स्टाफ गतिविधियां

## आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत ''मेरी माटी मेरा देश'' समारोह का आयोजन



पंच-प्रण प्रतिज्ञा वसुधा वंदन-कर्मचारियों द्वारा परिसर में 75 पौधे लगाए

''मेरी माटी मेरा देश'', एक देशव्यापी और लोकाभिमुख अभियान है जो भारत की आज़ादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मनाया गया था। इस अवसर पर कम्पनी में ''मेरी माटी मेरा देश'' समारोह के अन्तर्गत, राष्ट्र की विभिन्न उपलब्धियों के उत्सव मनाने और 'मिट्टी को नमन, वीरों का वंदन' करने के उद्देश्य से निम्नलिखित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था।

**पंच-प्रण प्रतिज्ञा:**

पंच–प्रण प्रतिज्ञा कार्यक्रम के तहत सभी कर्मचारियों द्वारा अपने हाथों में मिट्टी लेकर प्रतिज्ञा लेते हुये अपनी सेल्फी लेकर https://merimaatimeradesh.gov.in/step पोर्टल पर अपलोड की गयी थी।

**वसुधा वंदन:**

मेरी माटी मेरा देश'' कार्यक्रम के तहत वसुधा वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान देशज/स्वदेशी पौधों के साथ अमृत वाटिका का निर्माण किया गया। 12 अगस्त 2023 को प्रातः 11.00 बजे से 11.30 बजे तक रील मुख्यालय परिसर, कनकपुरा, जयपुर में अमृत वाटिका का निर्माण किया गया। कर्मचारियों द्वारा परिसर में 75 पौधे लगाए गए।

## आज़ादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के आयोजन के दौरान ''हर घर तिरंगा'' ( Har Ghar Tiranga ) कार्यक्रम का आयोजन



भारत की आज़ादी के 75 वर्ष का आयोजन संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा देश में 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' का आयोजन किया गया था। इस महोत्सव के तहत भारत सरकार द्वारा प्राप्त दिशानिर्देशानुसार राष्टीय ध्वज के व्यापक प्रचार प्रसार के उद्देश्य से कम्पनी में ''हर घर तिरंगा'' का आयोजन किया गया था।

कंपनी में ''हर घर तिरंगा अभियान'' की औपचारिक शुरुआत दिनांक 13.08.2023 को की गयी। इस अवसर पर कंपनी कर्मचारियों तथा पड़ोस में रहने वाले नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज वितरित किये गए। कंपनी के कर्मचारियों द्वारा तिरंगे के साथ अपनी सेल्फी व्हाट्सअप ग्रुप–रील परिवार पर साझा की गयी। कम्पनी से जुड़े हितधारकों/आपूर्तिकर्ताओं को अपने अपने प्रतिष्ठानों/संस्थानों पर तिरंगे झंडा लगाने तथा अपने कर्मचारियों को इस संबंध में जागरूक करने हेतु प्रेरित किया गया।

# व्यापार प्रमुखताएं

## डेयरी इलेक्ट्रॉनिक्स

डेयरी क्षेत्र में, तिमाही के दौरान कंपनी को देश भर की विभिन्न दुग्ध सहकारी समितियों/संघों से एएमसीयू, एडीपीएमसीयू, ईएमटी, मिल्क एनालाइजर, ईमैट एडवांस और सोमैटिक सेल काउंटर के अच्छे ऑर्डर मिले हैं।

कंपनी पारदर्शी प्रणाली, ऑटोमैटिक मिल्क कलेक्शन यूनिट (AMCUs) के माध्यम से नियमित रूप से दूध उत्पादकों का विश्वास हासिल कर रही है, जिसके परिणाम स्वरूप दूध की खरीद में वृद्धि हो रही है। तिमाही के दौरान मध्य, दक्षिणी, उत्तरी और राजस्थान क्षेत्र से 837 AMCUs के ऑर्डर प्राप्त हुए हैं।

कंपनी ने दूध संग्रहण प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के प्रयास जारी रखे और दक्षिणी क्षेत्र से 250 एडवांस डेटा प्रोसेसर मिल्क कलेक्शन यूनिट (एडीपीएमसीयू) के ऑर्डर प्राप्त किए। एडीपीएमसीयू एक स्मार्ट बहुमुखी समाधान है जो संचार और प्रसंस्करण के लिए वांछित प्रारूपों में विभिन्न रिपोर्ट तैयार करने के लिए डेटा प्राप्त करता है, संग्रहीत करता है और संसाधित करता है।

इसके अलावा, मध्य, गुजरात, पूर्वी, दक्षिणी, उत्तरी और राजस्थान क्षेत्र से 124 इलेक्ट्रॉनिक मिल्क टेस्टर; मध्य, पूर्वी गुजरात, उत्तरी, राजस्थान और दक्षिणी क्षेत्र से 1163 मिल्क एनालाइजर; राजस्थान क्षेत्र से 03 एडवांस इलेक्टॉनिक मिल्क अडल्ट्रेशन टेस्टर (ईमैट एडवांस) और पूर्वी क्षेत्र से 01 सोमैटिक सेल काउंटर के ऑर्डर प्राप्त हुए हैं। इस प्रकार रील अपने इन सिस्टम्स के माध्यम से निरंतर किसानों को सशक्त बनाती आयी है एवं डेयरी क्षेत्र में बदलाव लाने के लिए समर्पित हैं ।



बिहार के बरसम में महिला दुग्ध सहकारी समिति में दूध संग्रह

## डीजीटाईजेशन-अन्य पहल- आईटी

तिमाही के दौरान, आईटी टीम द्वारा विभिन्न परियोजनाओं में सफलतापूर्वक सेवाएँ प्रदान की गईं। राज्य निर्वाचन आयोग राजस्थान के लिए स्टेट लेवल एजेंसी (SLA) के रूप में, अगस्त 2023 में आयोजित राजस्थान के पंचायत राज चुनाव/शहरी स्थानीय निकायों में पंचायती राज संस्थानों (PRI) और शहरी स्थानीय निकायों (ULB) उपचुनाव के दौरान चुनाव सांख्यिकीय जानकारी के प्रबंधन के लिए सॉफ्टवेयर समाधान प्रदान किया गया।

राजस्थान राज्य सहकारी बैंक (RSCB) के 500 शाखा कार्यालयों, 29 DCCBs और 1 शीर्ष बैंक के लिए कोर बैंकिंग समाधान की ATS/AMC/हेल्प डेस्क सेवाएं इस तिमाही के दौरान REIL द्वारा TCS के माध्यम से सफलतापूर्वक प्रदान की गई। वे समय-समय पर आवश्यक परिवर्तनों के लिए आवश्यकता के आधार पर रील को अतिरिक्त आदेश भी देते रहते हैं।

कंपनी द्वारा राजस्थान राज्य की 2200 गौशालाओं के सहायता प्रबंधन के लिए गोपालन निदेशालय के इंटीग्रेटेड ऑनलाइन वेब बेस्ड एप्लीकेशन की वार्षिक तकनीकी सहायता (एटीएस) सफलतापूर्वक पूरी की गई।



गोपालन निदेशालय के इंटीग्रेटेड ऑनलाइन वेब बेस्ड एप्लीकेशन

तिमाही के दौरान, आईटी प्रभाग ने इन-हाउस विकसित ऑनलाइन ऍप्लिकेशन्स के लिए लगातार सहायता सेवाएं प्रदान कीं, जो काफी हद तक डिजिटल और कागज रहित होने में मदद कर रही है और हितधारकों और उपयोगकर्ताओं के बीच पारदर्शिता भी ला रही है।

## ग्राहक प्रशिक्षण कार्यक्रम

परियोजनाओं को सफलतापूर्वक चलाने के लिए नियमित कौशल की आवश्यकता होती है और आरईआईएल नियमित आधार पर इसका ध्यान रखती आयी है। इस तिमाही में, कंपनी ने 816 क्षेत्रीय कर्मचारियों और दुग्ध समिति सचिवों को प्रशिक्षित किया है, जिससे 300 से अधिक गांवों को लाभ हुआ है। लोग इन प्रशिक्षणों के माध्यम से आरईआईएल के उत्पादों को संचालित करने के बारे में अच्छी तरह से जानते हैं, इसलिए वे आश्वस्त हैं और उन्हें बेहतर आजीविका के अवसर मिल रहे हैं।

## अक्षय ऊर्जा

तिमाही के दौरान, रील ने विभिन्न सीपीएसई/विभागों जैसे सेवा टीएचडीसी, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, गुयाना एनर्जी एजेंसी, वॉटर शेड, पीएचईडी विभाग, शिक्षा विभाग राजस्थान आदि के तहत परियोजनाओं को क्रियान्वित किया है।

एसपीवी होम एनर्जी सिस्टम की आपूर्ति के लिए गुयाना एनर्जी एजेंसी के लिए प्रतिष्ठित निर्यात ऑर्डर के तहत, तिमाही के दौरान आरईआईएल ने कुल 14,250 सिस्टम भेजे, जिससे दूसरी तिमाही के अंत में कुल 29890 सिस्टम भेजे गए। एसपीवी घरेलू ऊर्जा सिस्टम की कुछ तस्वीरें यहां हैं।



गुयाना में स्थापित एसपीवी होम एनर्जी सिस्टम-सोलर द्वारा संचालित LED लाइट, फैन एवं चार्ज कंट्रोलर

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की सीएसआर गतिविधि के तहत, आरईआईएल को आदेश प्राप्त हुए जिसके तहत उत्तर प्रदेश के विभिन्न ग्रामीण स्थानों में 475 एसपीवी एलईडी स्ट्रीट लाइट स्थापित किए गए और सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में 05 सौर ऊर्जा आधारित स्मार्ट क्लासरूम समाधान स्थापित किये गए।

पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड की सीएसआर गतिविधि के तहत भी, आरईआईएल को विभिन्न ऑर्डर प्राप्त हुए जैसे कि मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश में विभिन्न ग्रामीण स्थानों पर 200 सोलर हाई मास्ट लाइटिंग सिस्टम की स्थापना; उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर में विभिन्न ग्रामीण स्थानों पर 500 सौर स्ट्रीट लाइटिंग सिस्टम और पश्चिम बंगाल राज्य के पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर जिलों में विभिन्न ग्रामीण स्थानों पर 5 एचपी के 20 सौर जल पंपिंग सिस्टम।

राजस्थान के विभिन्न सरकारी कॉलेजों में ग्रिड कनेक्टेड एसपीवी पावर प्लांट की स्थापना के लिए कॉलेज शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार और आरईआईएल के बीच हाल ही में हस्ताक्षरित एक समझौता ज्ञापन के तहत, आरईआईएल को 44 सरकारी कॉलेजों से संचयी 786 kWp ग्रिड कनेक्टेड एसपीवी पावर प्लांट के ऑर्डर प्राप्त हुए हैं।

तिमाही के दौरान, महाराष्ट्र राज्य में विभिन्न पीजीसीआईएल सबस्टेशनों पर सोलर पावर प्लांट की स्थापना के लिए पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पीजीसीआईएल) से 200 किलोवाट ग्रिड कनेक्टेड एसपीवी पावर प्लांट का ऑर्डर प्राप्त हुआ। राजस्थान में 3 एचपी / 5 एचपी / 10 एचपी एसपीवी वॉटर पंपिंग सिस्टम के लिए कुछ ऑर्डर भी वाटर शेड और पीएचईडी विभाग के माध्यम से प्राप्त हुए।



10 एचपी एसपीवी वॉटर पंपिंग सिस्टम

## न्यू -प्रोजेक्ट्स

पीयूसी सर्टिफिकेट परियोजना के तहत, तिमाही के दौरान कुल 8.21 लाख वाहन प्रमाण पत्र सृजित किए गए हैं, जिससे शुरुआत से लेकर अब तक संचयी परिनियोजन 17.14 लाख हो गया है।

राजस्थान के विभिन्न मदरसों में 500 स्मार्ट क्लास की आपूर्ति और स्थापना के लिए राजस्थान मदरसा बोर्ड, राजस्थान सरकार द्वारा कंपनी को मिले ऑर्डर के तहत स्थापित जयपुर के मदरसा जामिया तैय्यबा मेमोरियल स्कूल, जयपुर में 11.08.2023 को अल्पसंख्यक मामलात एवं वक्फ मंत्री शैल मोहम्मद तथा मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष एमडी चौपदार द्वारा स्मार्ट क्लास का लोकार्पण किया गया।

मंत्रीजी ने स्मार्ट क्लास्स रूम सिस्टम की तारीफ करते हुए कहा कि मदरसों के आधुनिकीकरण के तहत स्मार्ट क्लास रूम मील का पत्थर साबित होंगे। इनके जरिये बच्चों की पढाई आसान होगी बच्चों को दीनी और दुनियावी तालीम के साथ ही तकनीकी ज्ञान भी मिलेगा।



स्मार्ट क्लास्स रूम सिस्टम के उद्घघाटन के चित्र

## सहभागिता

### सीएसआईआर - सीईईआरआई द्वारा आयोजित कार्यक्रम

पिलानी में सीएसआईआर–सीईईआरआई के 71वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रबंध निदेशक रील ने सम्मानित अतिथि के रूप में दर्शकों को संबोधित किया।

उन्होंने सीएसआईआर–सीईईआरआई को उत्कृष्टता के साथ 7 दशक पूरे करने पर बधाई दी और आरईआईएल और सीएसआईआर–सीईईआरआई के तकनीकी सहयोग के बारे में जानकारी दी।

समर्पित प्रयासों और टीम निर्माण दृष्टिकोण के साथ, REIL टीम और CSIR-CEERI टीम ने एक साथ काम किया और भारत सरकार के मेक इन इंडिया मिशन के अनुरूप क्षीर स्कैनर जैसे डेयरी उपकरण विकसित किए, जिसे EMAT नाम दिया गया।

डॉ. संजय कुमार, अध्यक्ष, एएसआरबी, नई दिल्ली, डॉ. पी सी पंचारिया निदेशक सीएसआईआर–सीईईआरआई और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर का हिस्सा थे।




कार्यक्रम के दौरान एमडी रील

### गुजरात में तरनेतर मेले के दौरान रील के डेयरी उत्पादों का प्रदर्शन

कंपनी ने 18.09.2023 से 20.09.2023 के दौरान पशु पशुपालन विभाग, गांधीनगर द्वारा आयोजित तरनेतर मेला, थानगढ़, सुरेंद्रनगर में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान, आरईआईएल स्टॉल का दौरा सुरेंद्रनगर (वाडवान) के विधायक, श्री जगदीश मकवाना और चोटिला के विधायक श्री भीमाजी चौहान एवं पशुधन विभाग, गांधीनगर के अधिकारियों के द्वारा किया गया एवं कंपनी के डेयरी उत्पादों की सराहना की।

तारनेतर मेले के दौरान कंपनी के उत्पाद को ग्रामीण समाज के सामने सफलतापूर्वक प्रदर्शित किया गया।



कंपनी के उत्पादों का गणमान्य व्यक्तियों एवं ग्रामीण समाज के समक्ष प्रदर्शन

# स्टाफ गतिविधियां

## प्रशिक्षण

तिमाही के दौरान विभिन्न कार्यक्षेत्र पर आंतरिक और बाहरी स्तर पर कम्पनी कर्मचारियो के लिए कुल 87 प्रशिक्षण कार्य दिवस आयोजित किए गए।

इस दौरान आजादी का अमृत महोत्सव के तहत कम्पनी कर्मचारियों के लिए "जीवन विज्ञान और स्वास्थ्य प्रबन्धन" (Managing Health and Science of Living) विषय पर एक जागरूकता सत्र का आयोजन, हिन्दी पखवाड़ा (01 से 14 सितंबर 2023) के तहत "राजभाषा नीति एवं नियम और राजभाषा के प्रयोग में होने वाली सामान्य भूलें" विषय पर कार्यशाला का आयोजन, "जनहित प्रकटीकरण और मुखबिर संरक्षण संकल्प 2004" (पीआईडीपीआई) (Public Interest Disclosure and Protection of Informers Resolution) विषय पर जागरूकता सत्र का आयोजन, "जनहित प्रकटीकरण और मुखबिर संरक्षण संकल्प 2004" (पीआईडीपीआई) (Public Interest Disclosure and Protection of Informers Resolution) एवं निवारक सतर्कता उपाय अभियान (VAW-2023) के तहत क्षमता निर्माण कार्यक्रम : खरीद प्रक्रिया और खरीद नीति पर जागरुता एवं प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया।

## पदोन्नति

कम्पनी में दिनांक 03 जुलाई 2023 को 15 कर्मचारियो को पदोन्नति दी गई जिसकी सूची निम्न प्रकार से है :–

- **श्री मदनमोहन के. एस.** – कनिष्ठ अभियंता-I के पद पर
- **श्री राजमल वर्मा एवं श्री सुरेश चन्द** – कनिष्ठ अभियंता-II के पद पर
- **श्री गणपत सिंह टांक एवं श्री मनोज कुमार जाँगिड़** – पर्यवेक्षक तकनीकी के पद पर
- **श्री श्रीकान्त शर्मा एवं श्री शक्ति सिंह सैनी**– वरिष्ठ तकनीकी सहायक के पद पर
- **श्री जितेंद्र कुमार शर्मा, श्री नन्द किशोर एवं श्री चक्रवर्ती सिंह राठौड** – तकनीकी सहायक के पद पर
- **श्री विकास नागोरी एवं श्री नवल किशोर जाँगिड** – तकनीशियन –"अ" के पद पर
- **श्री राम धन रैगर एवं श्री गोपाल यादव** – वरिष्ठ मुख्य संचालक के पद पर
- **श्री जगदीश चन्द रैगर** – संचालक के पद पर

***कम्पनी उन्हें बधाई एवं उनके करियर में निरंतर सफलताओं के लिए शुभकामनाएं देती है।***

## सेवानिवृत्ति

श्री गोपाल यादव, हैड ऑपरेटर संदर्भ संख्या–279, 31 जुलाई 2023 को कम्पनी की सेवा से सेवानिवृत हुए। 31वर्षो तक उन्होंने कम्पनी में ईमानदारी, लगन तथा मेहनत से कार्य किया व कम्पनी के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

श्री पवन कुमार शर्मा, अभियंता संदर्भ संख्या–57, 31 अगस्त 2023 को कम्पनी की सेवा से सेवानिवृत हुए। 40 वर्षो तक उन्होंने कम्पनी में ईमानदारी, लगन तथा मेहनत से कार्य किया व कम्पनी के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

श्री सुभाष ध्यानी, अधिकारी, संदर्भ संख्या–38, 30 सितम्बर 2023को कम्पनी की सेवा से सेवानिवृत हुए। 41 वर्षो तक उन्होंने कम्पनी में ईमानदारी, लगन तथा मेहनत से कार्य किया व कम्पनी के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

***कम्पनी उपरोक्त सभी सेवानिवृत कर्मचारियो को खुशहाल, स्वस्थ और समृद्ध जीवन के लिए शुभकामनाएं देती है।***

## स्वतंत्रता दिवस समारोह

दिनांक15 अगस्त 2023 को कम्पनी परिसर में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रबन्ध निदेशक,श्री राकेश चौपडा द्वारा कम्पनी परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। कार्यक्रम केआयोजन में कम्पनी कर्मचारियों व उनके परिवार के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर कम्पनी में विभिन्न अवसरों जैसे सार्वजनिक क्षेत्र दिवस, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवसमें भाग लेने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को परितोषिक एवं प्रमाण



15.08.2023 के अवसर पर ध्वजारोपण समारोह

पत्र देकर सम्मानित किया गया। विजेताओं की सूची निम्न प्रकार से है:–

1. **<u>पब्लिक सेक्टर डे</u> ( 10 अप्रैल–16 अप्रैल 2023 )**

   **निबंध प्रतियोगिता**

   1. **प्रथम पुरस्कार :** सुश्री तनिशा कंवर
   2. **द्वितीय पुरस्कार :** श्री ललित कुमार बंसल
   3. **तृतीय पुरस्कार :** श्री बलवीर सिंह राजपूत, सहायक अधिकारी

   **नारा ( स्लोगन )प्रतियोगिता**

   1. **प्रथम पुरस्कार :** श्री शैलेश कुमार टेलर, कार्यालय सहायक
   2. **द्वितीय पुरस्कार :** श्री बलवीर सिंह राजपूत, सहायक अधिकारी
   3. **तृतीय पुरस्कार :** श्री ललित कुमार बंसल

2. **<u>अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस</u> ( 21 जून 2023 )**

   **निबंध प्रतियोगिता**

   1. **प्रथम पुरस्कार :** श्री पुष्कल अग्रवाल
   2. **द्वितीय पुरस्कार :** श्रीमती श्वेता जैन
   3. **तृतीय पुरस्कार :** श्री बलवीर सिंह राजपूत

## स्वच्छता पखवाडा ( 16.08.2023 से 31.08.2023 )

भारी उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त दिशा निर्देशों के तहत कम्पनी परिसर में दिनांक 16.08.2023 से 31.08.2023 तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस दौरान निम्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया :

1. स्वच्छता शपथ
2. बैनर एवं पोस्टर्स का प्रदर्शन
3. एकल प्रयोग प्लास्टिक (Single Use Plastic) पर जागरूकता अभियान

4. एकल प्रयोग प्लास्टिक (Single Use Plastic) का निस्तारण
5. एकल प्रयोग प्लास्टिक पर निकट के निवासियों हेतु जागरूकता अभियान
6. स्वच्छता का स्थायीकरण (मान्यता प्राप्त तकनीक '5S' का अनुप्रयोग)
7. कम्पनी परिसर में स्थित पानी की टंकियों की सफाई
8. विभागों में स्वच्छता एवं सफाई
9. विभागों में फर्नीचर की जाँच एवं बेकार सामान का निस्तारण
10. विभागों में फर्नीचर की मरम्मत
11. अभिलेखों का डिजिटलीकरण
12. नारा प्रतियोगिता
13. शौचालयों का निरीक्षण एवं रखरखाव

**रील द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत की गई विभिन्न गतिविधियों की झलक**




## हिन्दी पखवाड़ा
## ( 01.09.2023 से 14.09.2023 )

हिन्दी दिवस (14 सितम्बर) मनाने के लिए कम्पनी में दिनांक 01 से 14 सितम्बर 2023 तक "हिन्दी पखवाड़ा" का आयोजन किया गया। इस दौरान निम्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया :–

1. **''आज़ादी के अमृतकाल में राजभाषा हिन्दी का बढ़ता महत्व'' विषय पर कम्पनी कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं के लिए निबन्ध प्रतियोगिता**
2. **हिन्दी गद्यांश सुधार प्रतियोगिता**
3. **हिन्दी व्याकरण प्रतियोगिता**
4. **हिन्दी कार्यशाला का आयोजन**

"हिन्दी पखवाड़ा'' के दौरान उपरोक्त के अतिरिक्त राजभाषा विभाग द्वारा समय समय पर दिये गए निर्देशों की अनुपालना में कम्पनी के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय, जो कि गैर हिन्दीभाषी क्षेत्र (बेंगलोर–हैदराबाद) में स्थित है, वहाँ पर निम्नलिखित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया :

**रील द्वारा हिन्दी पखवाड़ा के तहत की गई विभिन्न गतिविधियों की झलक**



**आजादी का अमृत महोत्स्व के अंतर्गत देश की एकता और अखंडता के प्रति जागरूकता बनाये रखने के उद्देश्य से 15.08.2023 को एकता दौड़ का आयोजन**



1. **हिन्दी काव्य पाठ प्रतियोगिता**
2. **हिन्दी अनुवाद प्रतियोगिता**
3. **हिन्दी नारा प्रतियोगिता**

माननीय भारी उद्योग मंत्री की अध्यक्षता में हिन्दी सलाहकार समिति की बैठक दिनांक 16.06.2023 की मसूरी (उत्तराखंड) में आयोजित की गयी थी। इस बैठक में माननीय मंत्री महोदय द्वारा कार्यालयों में हिन्दी की पत्र पत्रिकाओं से सम्पन्न आधुनिक शैली की एक व्यवस्थित पुस्तकालय की आगामी हिन्दी दिवस 14 सितंबर 2023 से पूर्व स्थापना करने की व्यवस्था दी गयी थी।

उपरोक्त के संदर्भ में कम्पनी में संचालित पुस्तकालय को माननीय मंत्री महोदय जी के आदेशानुसार वर्तमान पुस्तकालय को और अधिक सुव्यवस्थित किया गया है। पुस्तकालय में वर्तमान में हिन्दी, अँग्रेजी और क्षेत्रीय भाषाओं की कुल 315 पुस्तकें है। पुस्तकालय में 04 हिन्दी समाचार पत्र एवं 02 अँग्रेजी समाचार पत्र दैनिक आधार पर उपलब्ध है। पुस्तकालय में 2 हिन्दी पत्रिकाएँ एवं 01 अँग्रेजी पत्रिका नियमित रूप से उपलब्ध है। पुस्तकालय संचालन हेतु मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) संचालन में है।

**रील परिसर में पुस्तकालय**



## विश्वकर्मा पूजा



कंपनी परिसर के उत्पादन विभाग में 17.09.2023 को भगवान विश्वकर्माजी की पूजा विधिविधान से संपन्न हुई जिस में प्रबंध निदेशक महोदय ने रील के सभी कर्मचारियों व उनके परिवारजनों को विश्वकर्मा जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सभी के सहयोग के साथ कंपनी के उज्जवल भविष्य की कामना की।



कंपनी परिसर में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति ( उपक्रम ) जयपुर की 46वीं अर्धवार्षिक बैठक का आयोजन

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम) जयपुर की 46वीं अर्धवार्षिक बैठक का आयोजन 05.09.2023 को राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड इन्स्ट्रूमेंट्स लिमिटेड (रील), जयपुर के संयोजन में सभागार, रील हाउस, शिप्रा पथ, मानसरोवर में किया गया। इस बैठक में 23 सदस्य उपक्रम कार्यालयों उपस्थित हुये। इस बैठक में अध्यक्ष, नराकास (उ) जयपुर एवं प्रबन्ध निदेशक रील, जयपुर श्री राकेश चौपड़ा, सहायक निदेशक (कार्यान्वयन) राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (उत्तर–1) दिल्ली श्री नरेंद्र सिंह मेहरा जी सहायक निदेशक, हिंदी शिक्षण योजना श्री राजेश मीना जी, नराकास (उ) जयपुर एवं महाप्रबंधक (वर्क्स) श्री संजीव कुमार, समन्वयक, राजभाषा कार्यान्वयन समिति (रील) जयपुर एवं उप महाप्रबन्धक, श्री दीपक गुप्ता एवं सचिव, नराकास (उ) जयपुर एवं उप महाप्रबंधक (सूचना प्रौद्यौगिकी) श्री संदीप प्रेम उपस्थित थे।

इस अवसर पर श्री राकेश चौपड़ा, अध्यक्ष, नराकास (उ) जयपुर एवं प्रबन्ध निदेशक रील, जयपुर ने हिंदी भाषा के प्रचार–प्रसार हेतु राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय हो रहे प्रयासों से अवगत करवाया एवं उपस्थित सभी उपक्रमों के प्रतिनिधियों से आव्हान किया कि हमें समूह भावना से प्रेरित होकर जोश के साथ राजभाषा हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए काम करना है और इस संबंध में सभी उपक्रम के प्रमुखों से आव्हान किया कि राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित वार्षिक कार्यक्रम अनुसार अनुपालना सुनिश्चित हो। बैठक में सहायक निदेशक (कार्यान्वयन) राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (उत्तर–1) दिल्ली श्री नरेंद्र सिंह मेहरा जी द्वारा राजभाषा हिन्दी के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुये सभी सदस्यों को राजभाषा के प्रगामी प्रयोग संबन्धित तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करते हुये हिन्दी की प्रगति पर संतोष जताया। उन्होने विचार–व्यवहार एवं भाव–प्रभाव की बहुत ही सुंदर तरीके से व्याख्या करते हुये बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने विचारो को उन्नत बनाना चाहिए ताकि व्यवहार उत्कृष्ठ स्तर का हो सकें एवं साथ ही भावों में सकारात्मकता रखें ताकि प्रभाव भी सकारात्मक रहे। भाषा के माध्यम से देश के विकास में तेजी लायी जा सकती है।

उपक्रम सदस्य उपक्रम कार्यालयों द्वारा विगत समय में राजभाषा हिन्दी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम) जयपुर की त्रैमासिक पत्रिका "उपक्रम ज्योति" के 20वें अंक का विमोचन भी किया गया। बैठक के अंत में समन्वयक, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम) जयपुर श्री संजीव कुमार ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति ( उपक्रम ) जयपुर की 46वीं अर्धवार्षिक बैठक की कुछ झलकियां दिनांक 05.09.2023




**Editorial : Chief Editor - Mr. Sanjeev Kumar, Editor - Ms. Loveena Babbar Email : insights@reil.co.in**

REIL

Quarterly Pragati Insights, Published by
**Rajasthan Electronics & Instruments Limited (REIL)**
"REIL HOUSE", Shipra Path, Mansarovar, Jaipur - 302020, Rajasthan (INDIA)
Tel : 91-141-2888511-14, 2940103 • E-mail : mdo@reiljp.com • Website : www.reiljp.com
Printed for Rajasthan Electronics & Instruments Limited by M/s. Laxmi Printers, Jaipur # 9829125258